# CBSE Class 12 Sociology Important Questions Chapter 3
# अध्याय 3 : संविधान एवं सामाजिक परिवर्तन

अतिलघूत्तरात्मक प्रश्न

प्रश्न 1.
गाँधीजी का 'हरिजन' नामक पत्र किस सन् में प्रकाशित हुआ?
उत्तर:
सन् 1939 में।

प्रश्न 2.
फ्रांसीसी क्रान्ति के तीन शब्द कौनसे हैं ?
उत्तर:
बंधुता, स्वतंत्रता और समानता।

प्रश्न 3.
73वें और 74वें संविधान संशोधन ने ग्रामीण और नगरीय दोनों ही क्षेत्रों के स्थायी निकायों के सभी चयनित पदों में महिलाओं को कितने प्रतिशत आरक्षण दिया गया है?
उत्तर:
33 प्रतिशत।

प्रश्न 4.
चिपको आन्दोलन की शुरुआत किस राज्य से हुई?
उत्तर:
उत्तराखण्ड से।

प्रश्न 5.
मुम्बई को एक वृत्त में घेरने के लिए किसके निर्माण की आवश्यकता महसूस की गई?
उत्तर:
एक्सप्रेस रिंग वे की।

प्रश्न 6.
उस योजना का नाम बताइये जिसके तहत मुम्बई में गरीबों का घर बनाने की योजना शहर के बाहर बनाई गई।
उत्तर:
मुम्बई विजन।

https://www.evidyarthi.in/

प्रश्न 7.
बॉम्बे फर्स्ट समूह पहले किस शहर को 'वर्ल्ड क्लास सिटी' होने की बात करते हैं ?
उत्तर:
मुम्बई को।

प्रश्न 8.
प्रत्यक्ष लोकतंत्र की सम्भावनाएँ कहाँ बहुत कम हैं ?
उत्तर:
विशाल और जटिल आधुनिक समाज में।

प्रश्न 9.
बंधुता और स्वतंत्रता किसके अभाव में मूल्यहीन है ?
उत्तर:
समानता के अभाव में।

प्रश्न 10.
रांजनीतिक दलों के दो प्रमुख कार्य लिखिये।
उत्तर:

1. लोकमत का निर्माण करना
2. सार्वजनिक नीतियों का निर्धारण करना।

प्रश्न 11.
हित समूह क्यों बनाए जाते हैं ?
उत्तर:
राजनीतिक क्षेत्रों के कुछ निश्चित हितों को पूरा करने के लिए।

प्रश्न 12.
लोकतंत्र क्या है ?
उत्तर:
लोकतंत्र जनता का, जनता के द्वारा तथा जनता के लिए शासन है।

प्रश्न 13.
आजकल अधिकांशतः किस प्रकार का लोकतंत्र पाया जाता है?
उत्तर:
प्रतिनिधिक (अप्रत्यक्ष) लोकतंत्र।

प्रश्न 14.
भारत में विकेन्द्रीकृत और जमीनी लोकतांत्रिक संस्था का कोई एक उदाहरण दीजिये।
उत्तर:
पंचायती राज व्यवस्था।

https://www.evidyarthi.in/

प्रश्न 15.
भारत में सामाजिक परिवर्तन से क्या आशय है?
उत्तर:
यह भारतीय और पाश्चात्य विचारों के संयोग की पुनर्व्याख्या है।

प्रश्न 16.
मोतीलाल नेहरू कमेटी ने भारत के लिए संविधान का मसौदा किस सन् में तैयार किया?
उत्तर:
सन् 1928 में।

प्रश्न 17.
भारत में संविधान सभा की माँग कब हुई?
उत्तर:
सन् 1939 में।

प्रश्न 18.
भारतीय संविधान सभा की माँग को साम्राज्यवादी ब्रिटेन ने किस सन् में स्वीकार किया?
उत्तर:
सन् 1945 में।

प्रश्न 19.
संविधान सभा के सदस्यों के चुनाव कब हुए?
उत्तर:
जुलाई 1946 में।

प्रश्न 20.
संविधान सभा के किन्हीं चार सदस्यों के नाम लिखिये।
उत्तर:

1. जवाहरलाल नेहरू
2. डॉ. राजेन्द्र प्रसाद
3. डॉ. बी.आर. अम्बेडकर
4. सरदार वल्लभ भाई पटेल।

प्रश्न 21.
कानून का सार क्या है?
उत्तर:
कानून का सार इसकी शक्ति है।

प्रश्न 22.
न्याय का सार क्या है?
उत्तर:
न्याय का सार निष्पक्षता है।

https://www.evidyarthi.in/

लघूत्तरात्मक प्रश्न

प्रश्न 1.
'प्रत्यक्ष लोकतंत्र' 'प्रतिनिधिक लोकतंत्र' से भिन्न है, क्यों?
उत्तर:
'प्रत्यक्ष लोकतंत्र' 'प्रतिनिधिक लोकतंत्र' से भिन्न है क्योंकि इसके सभी नागरिक बिना किसी चयनित या मनोनीत पदाधिकारी की मध्यस्थता के सार्वजनिक निर्णयों में स्वयं भाग लेते हैं।

प्रश्न 2.
सहभागी लोकतंत्र से आपका क्या आशय है ?
उत्तर:
सहभागी लोकतंत्र एक ऐसी व्यवस्था है जिसमें महत्वपूर्ण निर्णय लेने के लिए किसी समूह या समुदाय के सभी सदस्य एक साथ भाग लेते हैं।

प्रश्न 3.
राजनीतिक दल को परिभाषित कीजिये।
उत्तर:
राजनीतिक दल एक ऐसा संगठन होता है जो सत्ता प्राप्त करने के लिए तथा सत्ता का उपभोग कुछ विशिष्ट कार्यों को सम्पन्न करने के उद्देश्य से करता है।

प्रश्न 4.
क्षेत्रीय दल से आप क्या समझते हैं ?
उत्तर:
ऐसा राजनीतिक दल जिसका राजनीतिक प्रभुत्व किसी क्षेत्र विशेष या प्रादेशिक स्तर तक ही होता है, क्षेत्रीय दल कहलाता है।

प्रश्न 5.
पंचायती राज से आप क्या समझते हैं?
उत्तर:
पंचायती राज भारत के ग्रामीण क्षेत्रों में स्थानीय स्वशासन की त्रिस्तरीय व्यवस्था का नाम है। इसमें ग्रामीण जनता द्वारा निर्वाचित सदस्य शासन का कार्य करते हैं।

प्रश्न 6.
हित समूह का अर्थ समझाइये।
उत्तर:
हित समूह ऐसे समूह हैं जो अपनी आवाज सुनाना चाहते हैं और सरकार का ध्यान अपनी परेशानियों की ओर आकृष्ट करना चाहते हैं।

प्रश्न 7.
औपनिवेशिक शासन ने जिस उददेश्य से पाश्चात्य शिक्षा का प्रचार-प्रसार किया, वो उद्देश्य उन्हें प्राप्त नहीं हुआ। संक्षेप में स्पष्ट कीजिए।

evidyarthi

उत्तर:
पाश्चात्य शिक्षा-प्राप्त वर्ग ने ब्रिटिश शासन में सहयोग की अपेक्षा लोकतंत्र, सामाजिक न्याय और राष्ट्रवाद जैसे पाश्चात्य उदार विचारों का प्रयोग औपनिवेशिक शासन को चुनौती देने के लिए किया।

प्रश्न 8.
'महाभारत' में भृगु ऋषि ने जाति विभाजन के सन्दर्भ में क्या कहा था?
उत्तर:
जाति विभाजन विभिन्न मनुष्यों के शारीरिक लक्षणों में पाई जाने वाली विभिन्नताओं से सम्बन्धित है जो कि त्वचा के रंग में परिलक्षित होती है।

प्रश्न 9.
संविधान का मूल उद्देश्य बताइये।
उत्तर:
संविधान का मूल उद्देश्य निर्धनों को सक्षम बनाना, निर्धनता उन्मूलन, जातिवाद समाप्त करना तथा सभी समूहों के प्रति समानता का व्यवहार करना है।

प्रश्न 10.
कानून का अर्थ बताइये।
उत्तर:
कानून सामाजिक नियंत्रण का औपचारिक साधन है। इसके पीछे राज्य की शक्ति होती है। कानून के उल्लंघन पर राज्य की शक्ति द्वारा दण्ड दिया जाता हैं।

प्रश्न 11.
ब्रिटिश उपनिवेशवाद के पाश्चात्य शिक्षा का प्रचार-प्रसार का मुख्य उद्देश्य क्या था?
उत्तर:
ब्रिटिश उपनिवेशवाद के पाश्चात्य शिक्षा का प्रचार-प्रसार का मुख्य उद्देश्य भारतीयों का एक मध्य वर्ग बनाना था जिनकी सहायता से वे उपनिवेशीय शासन को निरन्तर चला सकें।

प्रश्न 12.
भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस ने 1931 के कराची अधिवेशन में कैसे लोकतंत्र की परिकल्पना की?
उत्तर:
कराची अधिवेशन में ऐसे लोकतंत्र की परिकल्पना की गई जिसका अर्थ केवल चुनाव करवाने की औपचारिकता पूरी करना ही नहीं बल्कि एक यथार्थ व प्रामाणिक लोकतांत्रिक समाज की स्थापना के लिए भी कार्य करना था।

प्रश्न 13.
भारतीयों को विभाजित करने वाले कारक बताइये।
उत्तर:
विभिन्न संस्कृति, धर्म तथा जाति, ग्रामीण तथा नगरीय, धनी-निर्धन और साक्षर-निरक्षर कारक भारत को विभाजित करते हैं।

https://www.evidyarthi.in/

प्रश्न 14.
संविधान के सन्दर्भ में कांग्रेस द्वारा की गई किन्हीं दो घोषणाओं का वर्णन कीजिए।
उत्तर:

1. आत्मरक्षा के लिए नियमानुसार हथियार रखने का अधिकार।
2. सार्वजनिक कुओं, स्कूलों आदि पर सभी का समान अधिकार व उसके प्रति समान कर्त्तव्य।

प्रश्न 15.
अगस्त 1946 में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस की विशेषज्ञ सभा ने संविधान सभा में प्रस्ताव प्रस्तुत करते हुए क्या घोषणा की?
उत्तर:
अगस्त 1946 में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस की विशेषज्ञ सभा ने संविधान सभा में एक प्रस्ताव प्रस्तुत करते हुए घोषणा की कि भारत एक गणतंत्र होगा जहाँ सभी के लिए सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक न्याय सुनिश्चित होगा।

प्रश्न 16.
संविधान सभा में किन मुददों पर बहस हुई?
उत्तर:
संविधान सभा में रोजगार का अधिकार, सामाजिक सुरक्षा का अधिकार, भूमि-सुधार व संपत्ति का अधिकार और पंचायतों के आयोजन पर बहस हुई।

प्रश्न 17.
के.टी. शाह ने संविधान सभा में लाभदायक रोजगार के सन्दर्भ में क्या वक्तव्य दिया?
उत्तर:
के.टी. शाह ने कहा कि लाभदायक रोजगार को श्रेणीगत बाध्यता के द्वारा वास्तविक बनाया जाना चाहिए और राज्य की यह जिम्मेदारी हो कि वह सभी समर्थ व योग्य नागरिकों को लाभदायक रोजगार उपलब्ध कराए।

प्रश्न 18.
टी.ए. रामालिंगम चेट्टियार और सांसद ठाकुरदास भार्गव ने संविधान में कौनसा खण्ड जोड़ा?
उत्तर:
टी.ए. रामालिंगम चेट्टियार ने ग्रामीण क्षेत्रों में सहकारी कुटीर उद्योगों के विकास से संबंधित तथा सांसद ठाकुरदास भार्गव ने यह खंड जोड़ा कि राज्य को कृषि व पशुपालन को आधुनिक प्रणाली से व्यवस्थित करना चाहिए।

प्रश्न 19.
भारतीयों को किन आधार पर वर्गीकृत किया गया है ?
उत्तर:
भारतीयों को संस्कृति, धर्म तथा जाति के विविध प्रभाव, ग्रामीण-नगरीय, धनी-निर्धन और साक्षरनिरक्षर के आधार पर वर्गीकृत किया गया है।

https://www.evidyarthi.in/

प्रश्न 20.
खासियों की पारम्परिक राजनीतिक प्रणाली में वंशीय परिषद को क्या कहते हैं?
उत्तर:
खासियों की पारम्परिक राजनीतिक प्रणाली जिसमें प्रत्येक वंश की अपनी परिषद् होती है, उसे 'दरबार कुट' कहा जाता है जो उस वंश के मुखिया के निर्देशन में कार्य करती है।

प्रश्न 21.
मुंबई में 'एक्सप्रेस रिंग वे' का निर्माण क्यों किया गया?
उत्तर:
मुंबई में 'एक्सप्रेस रिंग वे' का निर्माण मुक्त मार्ग शहर के भीतर के किसी बिन्दु से 10 मिनट के अन्दर पहुँच सकने, शीघ्र प्रवेश एवं निकास तथा दक्ष यातायात विसर्जन की आवश्यकता को पूरा करने के लिए किया गया।

प्रश्न 22.
निरक्षर महिलाओं में जागरूकता फैलाने के लिए पंचायती राज ने कौनसा नवाचारी उपाय अपनाया?
उत्तर:
पंचायती राज ने निरक्षर महिलाओं में जागरूकता फैलाने के लिए कपड़े की फड़', लोक संगीत तथा चित्रमय फड़ जैसे नवाचारी उपाय अपनाये।

प्रश्न 23.
पंचायती राज ने 'कपड़े की फड़' के माध्यम से ग्रामीण महिलाओं को क्या संदेश दिया?
उत्तर:
पंचायती राज ने 'कपड़े की फड़' के माध्यम से यह संदेश दिया कि केवल मतदान करना, चुनाव में खड़े होना और जीतना ही पर्याप्त नहीं है, बल्कि यह जानना भी आवश्यक है कि किसी व्यक्ति को मत क्यों दिया जाये?

प्रश्न 24.
दल के सम्बन्ध में मैक्स वेबर के क्या विचार हैं ?
उत्तर:
मैक्स वेबर के अनुसार दलों की क्रियायें हमेशा एक उद्देश्य के लिए होती हैं जिनकी प्राप्ति एक नियोजित दृष्टि के लिए की जाती है।

प्रश्न 25.
"महिलाओं को मताधिकार देने के मामले में 73वाँ तथा 74वाँ संशोधन महत्त्वपूर्ण कदम है।" टिप्पणी कीजिये।
उत्तर:
73वें तथा 74वें संविधान संशोधन ने स्थानीय निकायों के सभी चयनित पदों में महिलाओं को एकतिहाई आरक्षण दिया। इनमें 17% सीटें अनुसूचित जाति व अनुसूचित जनजाति की महिलाओं के लिए आरक्षित हैं। इस प्रकार निर्वाचित निकायों में पहली बार महिलाओं को निर्णय लेने की शक्ति मिली।

https://www.evidyarthi.in/